प्रेस विज्ञप्ति
बिहार पुलिस मुख्यालय
दिनांक–21.09.2023 (411)

बिहार पुलिस में महिलाओं का सर्वाधिक प्रतिनिधित्व

- राज्य सरकार का सतत प्रयास रहा है कि बिहार पुलिस में महिलाओं को अधिक से अधिक प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाए।
- इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु राज्य सरकार द्वारा गृह (आरक्षी) विभाग की अधिसूचना सह पठित ज्ञापांक 4111 दिनांक 28.05.2013 द्वारा राज्य पुलिस में नियुक्तियों में पूर्व के बिहार पुलिस में पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) अधिनियम, 1991 (अधिनियम–3, 1992) (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानों के अनुसार पिछड़े वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित 3% पद को अक्षुण्ण रखते हुए शेष आरक्षित एवं गैर आरक्षित वर्गों के 97% पदों में 35% पद प्रत्येक आरक्षण कोटि में अलग–अलग महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया।
- राज्य सरकार के द्वारा किये गये प्रावधान के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2005 की तुलना में दिनांक 30.03.2023 को राज्य पुलिस में महिलाओं की संख्या में **लगभग 27 गुना** वृद्धि हुई है, जिसे निम्नांकित तालिका के द्वारा स्पष्ट किया जा रहा हैः–

वर्ष	महिला पुलिस कर्मियों/पदाधिकारियों की संख्या	कुल बल का प्रतिशत	अभ्युक्ति
01.01.2005	**893**	-	BPR&D के आँकड़ों के अनुसार
01.01.2013	**2,340**	**3.40 %**	तथैव
01.01.2022	**19,790**	**21.21 %**	तथैव
30.03.2023	**24,247**	**22.76 %**	राज्य पुलिस के आँकड़ों के अनुसार

- दिनांक 01.01.2022 के BPR&D के आँकड़ों के अनुसार पुलिस में महिलाओं की सबसे ज्यादा आनुपातिक प्रतिनिधित्व वाले राज्यों में बिहार **21.21 %** के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि आंध्रप्रदेश (**21.76%**) प्रथम स्थान पर है। यद्यपि विशुद्ध संख्या के संदर्भ में दिनांक–01.01.2022 को बिहार में महिला पुलिस बल की संख्या **19790** थी, जबकि आंध्रप्रदेश में यह संख्या **19299** थी, जो बिहार की तुलना में कम है।
- वर्ष 2023 में सिपाही पद पर 21,391 पदों के लिए तथा पुलिस अवर निरीक्षक पद पर 1,275 पदों के लिए नियुक्ति हेतु अधियाचना केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) तथा बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग को भेजी गयी है।
- सिपाही पद पर होने वाली नियुक्ति में कुल **21,391** पद हैं जिनमें **7903** पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं एवं पुलिस अवर निरीक्षक कोटि में होने वाली नियुक्ति में कुल **1275** पदों में महिलाओं के **455** पद आरक्षित हैं।
- नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् बिहार पुलिस में महिलाओं की सर्वाधिक प्रतिशत संख्या हो जायेगी।

XXXXX